चंदन है इस देश की माटी

चंदन है इस देश की माटी तपोभूमि हर ग्राम है
हर बाला देवी की प्रतिमा बच्चा बच्चा राम है || ध्रु ||

हर शरीर मंदिर सा पावन हर मानव उपकारी है
जहॉ सिंह बन गये खिलौने, गाय जहॉ मॉ प्यारी है
जहॉ सवेरा शंख बजाता लोरी गाती शाम है || 1 ||

जहॉ कर्म से भाग्य बदलता श्रम निष्ठा कल्याणी है
त्याग और तप की गाथाऍं गाती कवि की वाणी है
ज्ञान जहॉ का गंगाजल सा निर्मल है अविराम है || 2 ||

जिस के सैनिक समरभूमि मे गाया करते गीता है
जहॉ खेत मे हल के नीचे खेला करती सीता है
जीवन का आदर्श जहॉ पर परमेश्वर का धाम है || 3 ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1355/title/chandan-hai-is-desh-ki-mati-tapobhumi-har-graam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |